हिंदी दैनिक
यूथ इण्डिया
सच्चाई की दहकती आग...

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय

# आईआईटी बॉम्बे में “शिक्षा प्रौद्योगिकी और राष्ट्र निर्माण” पर संगोष्ठी

By Youth India Staff June 20, 2025 0

Share




## एसएमएस लखनऊ के प्रोफेसर भरत राज सिंह ने दी प्रभावशाली उपस्थिति, शिक्षा नवाचार पर रखे सुझाव

मुंबई/लखनऊ: आईआईटी बॉम्बे ( IIT Bombay) में “शिक्षा प्रौद्योगिकी (Education Technology) और राष्ट्र निर्माण ” (Nation Building) विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया , जिसमें देश के प्रमुख शिक्षाविद्, नीति-निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। इस प्रतिष्ठित आयोजन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) , लखनऊ के महानिदेशक (तकनीकी) प्रोफेसर भरत राज सिंह ने भाग लेकर संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

कार्यक्रम में नैक अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल सहस्रबुद्धे , एआईसीटीई अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीथाराम और स्पोकन ट्यूटोरियल के आविष्कारक प्रोफेसर कन्नन सहित अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपनी सहभागिता दी। इस संगोष्ठी का

एक प्रमुख आकर्षण स्पोकन ट्यूटोरियल से प्रमाणित उम्मीदवारों की रोज़गार क्षमता बढ़ाने को लेकर आयोजित पूर्ण सत्र रहा। इस अवसर पर एसएमएस लखनऊ , जो कि वर्ष 2011 से इस परियोजना का सबसे पुराना सक्रिय भागीदार रहा है , ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , डेटा साइंस , क्लाउड कंप्यूटिंग और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों को पाठ्यक्रमों में शामिल करने का सुझाव दिया, जिसे सभा में व्यापक स्वीकृति मिली।

प्रोफेसर भरत राज सिंह द्वारा प्रस्तुत विचारों और एसएमएस के योगदान की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकी शिक्षा ही देश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण को गति देना और एक सक्षम एवं कुशल कार्यबल का निर्माण करना था।

एसएमएस लखनऊ के सीईओ श्री शरद सिंह ने प्रोफेसर सिंह की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा "हम हमेशा अपने विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी प्लेटफॉर्म से जोड़ने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का प्रयास करते हैं। यह संगोष्ठी हमारे संस्थान के नवाचार और उत्कृष्टता के संकल्प को और मज़बूत करती है।"

---

https://youthindiatoday.com/seminar-on-education-technology-and-nation-building-at-iit-bombay/